न्यायालय अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी, दाउदनगर।

जी0आर0सं0-639/2020

दाउदनगर थाना कांड संख्या-218/2020

13.01.2021 आवेदक स्कार्पियो वाहन निबंधन संख्या-JH13F6147 का स्वामी योगेन्द्र कुमार की ओर से दिनांक-19.09.2020 को दाखिल आवेदन को संचालित करने हेतु एक आवेदन दाखिल किया गया । आवेदन की प्रति विद्वान अभियोजन पदाधिकारी को दी गई ।

वाद पुकार पर आवेदक के विद्वान अधिवक्ता उपरोक्त आवेदन के आलोक में निवेदन करते है कि उपरोक्त वाहन को आवेदक के पक्ष में मुक्त किया जाय ।

सुना । अभिलेख का अवलोकन किया, जिससे विदित होता है कि उक्त वाद के अनुसंधानक के द्वारा प्रतिवेदन समर्पित नही किया गया है । अतः उक्त वाद के अनुसंधानक को स्मारित करते हुए निर्देश दिया जाता है कि वह इस आशय का प्रतिवेदन दिनांक-28.01.2021 तक समर्पित करें कि उक्त वाहन की आवश्यकता अनुसंधान के दौरान है या नही । कार्यालय लिपिक को निर्देश दिया जाता है कि उक्त आदेश की छायाप्रति सम्बन्धित थाना प्रभारी को भेंजे ।

प्र0 अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी, दाउदनगर ।

पश्चात्

13.01.2021 आवेदक मोटरसाईकिल निबंधन संख्या-BR01EP3880 का स्वामी मो0 इम्तिजयाज की ओर से शक्ति पत्र के साथ एक आवेदन आवेदन दाखिल किया गया । आवेदक स्कार्पियो वाहन निवंधन संख्या-BR26PA6668 के स्वामी मधु लता कुमारी की ओर से दिनांक-28.11.2020 को दाखिल आवेदन को संचालित करने हेतु एक आवेदन दाखिल किया गया । आवेदन की प्रति विद्वान अभियोजन पदाधिकारी को दी गई । आवेदक की ओर से वाहन की कागजात की छायाप्रति किया गया है ।

वाद पुकार पर आवेदक के विद्वान अधिवक्ता उपरोक्त आवेदन के आलोक में निवेदन करते है कि उक्त वाहन को इस वाद में जप्त किया गया है । अतः आवेदक के पक्ष में मुक्त किया जाय ।

सुना । अभिलेख का अवलोकन किया । अतः उक्त वाद के अनुसंधानक को निर्देश दिया जाता है कि यदि उक्त वाहन को जप्त किया गया है तो जप्ती सूची दिनांक-28.01.2021 तक समर्पित करें । उक्त आदेश की छायाप्रति सम्बन्धित थाना प्रभारी को भेंजे ।

प्र0 अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी, दाउदनगर ।

पश्चात्

13.01.2021 जिला परिवहन पदाधिकारी, चतरा को स्मारित करते हुए निर्देश दिया जाता है कि वाहन निबंधन संख्या-JH13F6147 का स्कीन प्रतिवेदन दिनांक-28.01.2021 तक समर्पित करें । कार्यालय लिपिक को निर्देश दिया जाता है कि उक्त आदेश की छायाप्रति सम्बन्धित जिला परिवहन पदाधिकारी को भेंजे ।

प्र0 अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी, दाउदनगर ।